# टाटा समूह लखनऊ में खोलेगा ग्लोबल कैप्टिव सेंटर

## सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले समूह के चेयरमैन एन.चंद्रशेखरन, औद्योगिक विकास पर की चर्चा

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। दोनों के बीच प्रदेश के औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा के लिए बैठक भी हुई।

बैठक में लखनऊ में एक ग्लोबल कैप्टिव सेंटर और एयर इंडिया द्वारा एमओआर स्थापित करने के संबंध में चर्चा हुई। टाटा संस ने सीएम के दोनों सुझावों पर सहमति भी जताई।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने शिष्टाचार मुलाकात की। - सूचना विभाग

सीएम आवास पर हुई बैठक में अयोध्या में प्रस्तावित टेंपल आर्किटेक्चर म्यूजियम परियोजना की प्रगति और जेवर एयरपोर्ट परियोजना की समीक्षा की गई। एयर इंडिया की संभावित

### अयोध्या में टेंपल आर्किटेक्चर म्यूजियम की प्रगति पर भी विचार-विमर्श

### एयर इंडिया भी प्रदेश में कर सकती है एमआरओ की स्थापना

एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉलिंग) सुविधा की स्थापना को लेकर भी विस्तृत वार्ता हुई, जिससे प्रदेश में विमानन सेवा क्षेत्र के विकास को मजबूती मिलेगी और हजारों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। बैठक में प्रदेश को देश-विदेश के निवेशकों के लिए एक आदर्श गंतव्य बनाने के विषय में गहन विचार-विमर्श हुआ।

सीएम ने टाटा संस के चेयरमैन से कहा कि वे यूपी में अपने निवेश को और भी विस्तार दें और विशेष रूप से लखनऊ में एक ग्लोबल कैप्टिव सेंटर की स्थापना करें।

इससे प्रदेश में उच्च तकनीकी और कौशल आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, जिससे युवाओं का कौशल विकास होगा। वहीं, चंद्रशेखरन ने प्रदेश सरकार के उद्योग-हितैषी नीतिगत फैसलों, बुनियादी ढांचे के विकास, और निवेश के लिए तेजी से बनने वाली सकारात्मक पारिस्थितिकी तंत्र की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि टाटा संस की आगामी परियोजनाओं में प्रदेश की प्रमुख भूमिका सुनिश्चित की जाएगी।